232/क.च.आ.–म.क्षे./1–2017–भर्ती(च.प.)
कर्मचारी चयन आयोग(म.क्षे.),इलाहाबाद

विषयः– मैट्रिक,उच्च माध्यमिक और स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के चयन पदों पर भर्ती के लिए क्रमशः 05, 15 तथा 18.11.2017 को आयोजित कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल अनंतिम/अस्थायी(PROVISIONAL) रूप से लघुसूचित उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन का संचालन.

मैट्रिक, उच्च माध्यमिक और स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के चयन पदों पर भर्ती के लिए क्रमशः 05, 15 तथा 18.11.2017 को आयोजित कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर कर्मचारी चयन आयोग(मुख्यालय) के पत्र संख्या 15/6/2017–आर.एच.क्यू. दिनांक 03.08.2017 में उल्लिखित निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी की एक रिक्ति के लिए पात्र पाए गए अभ्यर्थियों में से 1:5 के अनुपात में अर्थात एक रिक्ति पर पॉच अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए अस्थायी रूप से लघुसूचित किया गया है।

2. प्रमाण पत्रों का सत्यापन 30 जनवरी से 03 फरवरी, 2018 तक क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी चयन आयोग(म.क्षे.), 21–23 लाउदर रोड, इलाहाबाद–211002 के कार्यालय में किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार बुलावा पत्र (कॉल लेटर) डाक द्वारा नही भेजे जाएगें, अतः अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि वे आयोग की वेबसाइट www.ssc-cr.org से अपना बुलावा पत्र(कॉल लेटर) डाउन लोड करें तथा उसमें उल्लिखित सभी निर्देशों का पालन करें तथा निर्धारित तिथि को कॉल लेटर में उल्लिखित दस्तावेजों के साथ सत्यापन के लिए उपस्थित हो।

3. अभ्यर्थी कृपया यह नोट करें/जान लें कि उनकी अभ्यर्थिता अनंतिम/अस्थायी (PROVISIONAL) है इसलिए वे परीक्षा के विज्ञापन/सूचना में उल्लिखित पात्रता की सभी शर्तो को पूरा करना सुनिश्चित करें। यदि भर्ती प्रकिया के किसी स्तर पर यह पाया जाता है कि आप परीक्षा के विज्ञापन/सूचना में उल्लिखित अनिवार्य योग्यता सहित पात्रता के किसी भी शर्त को पूरा नहीं करते है तो आप की अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी और इस निरस्तीकरण के विरूद्ध कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।

4. दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलावा से आपको ऐसा कोई अधिकार नहीं मिल जाता है, जिससे कि नियुक्ति के लिए विचार किया जाने हेतु हर तरह से पात्र समझा जाए। आपको सलाह दी जाती है कि निर्धारित तिथि पर दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होने से पहले पुनः जॉच ले कि निर्धारित पद/परीक्षा के लिए विज्ञापन सूचना/कॉल लेटर में उल्लिखित मानदंडों/शर्तो को आप पूरा करते हैं या नहीं ताकि बाद में आपको निराश न होना पड़े। अभ्यर्थी अपने साथ अनिवार्य रूप से अपना मूल पहचान पत्र के साथ ही सभी संबंधित दस्तावेज (शैक्षणिक योग्यता, जाति, अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि) जैसे कि कॉल लेटर में उल्लिखित है, दस्तावेज सत्यापन के समय अवश्य लांए।

5. आयोग ने कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के लिए अनारक्षित वर्ग 35% , अन्य पिछड़ा वर्ग–30% , अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति–25% तथा विकलांग/भूतपूर्व सैनिक– 25% के रूप में अंकों की न्यूनतक योग्यता कट–ऑफ प्रतिशत निर्धारित किया है । हॉलांकि पैरा–1 के अनुसार 1:5 के अनुपात में श्रेणी के अनुसार दस्तावेज सत्यापन के लिए अंतिम योग्य अभ्यर्थियों के अंक नीचे दिए गए है।

	पद कोड	EQ स्तर	UR	OBC	SC	ST	PH (केवल आरक्षित पद हेतु)
	CR10117	GRADUATE	114	-	-	-	-
	CR10217	GRADUATE	-	-	52	-	-

	CR10317	GRADUATE	-	-	-	55.50	-
	CR10417	GRADUATE	-	-	57	55	-
	CR10517	HIGHER SECONDARY	-	106	-	-	-
	CR10617	GRADUATE	-	-	90	-	-
	CR10717	GRADUATE	132	-	-	-	-
	CR10917	MATRIC	-	-	-	50.50	-
1:5 के अनुपात में अंतिम पात्र अभ्यर्थी के अंक	CR11017	GRADUATE	76	-	-	-	-
	CR11117	GRADUATE	94.50	90.50	77	59	66.50
	CR11217	GRADUATE	91	98	68	50	-
	CR11317	GRADUATE	93.50	98.50	61.50	50	-
	CR11417	GRADUATE	76.50	-	-	-	-
	CR11517	GRADUATE	83	87.50	-	58	-
	CR11617	GRADUATE	86	78.50	55	79.50	-
	CR11717	GRADUATE	98.50	-	-	-	-
	CR11817	GRADUATE	95	94.50	65.50	58	-
	CR11917	GRADUATE	70.50	65	63.50	72.50	-
	CR12017	GRADUATE	70.50	65.50	-	-	-
	CR12117	GRADUATE	73	-	-	-	-
	CR12217	GRADUATE	75.50	65.50	-	-	-
	CR12317	GRADUATE	113.50	112.50	-	-	-
	CR12517	GRADUATE	93	95.50	81.50	-	-
	CR12617	MATRIC	77	-	-	-	-
	CR12717	GRADUATE	73.50	64	73.50	-	-
	CR12817	GRADUATE	82	-	-	-	-
	CR12917	HIGHER SECONDARY	107	-	-	-	-

*** श्रेणी सं. CR10817 एवं CR13117 पद के लिए ऐसे अनारक्षित कोटि के अभ्यर्थी के दस्तावेज़ सत्यापन पर विचार नहीं किया गया क्योंकि किसी भी अभ्यर्थी ने आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यता कट-ऑफ प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं किया है|**

आदेशानुसार
क्षेत्रीय निदेशक(म.क्षे.)
दिनांक 17.01.2018

नोटः दस्तावेज सत्यापन (DV) की तिथि में परिवर्तन करने संबंधी कोई भी अनुरोध किसी भी स्थिति में स्वीकार नही किए जाएगें। यदि आप दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित नहीं हो पाते हैं, तो यह मान लिया जाएगा कि आप इस पद के लिए इच्छुक नही है और आपकी अभ्यर्थिता निरस्त मानी जाएगी। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दिया जाता है कि कॉल लेटर में उल्लिखित तिथि के अनुसार वे उपस्थित हों। ऐसे प्रत्येक श्रेणीवार अभ्यर्थी जो अंतिम पात्र अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किए गए अंकों से कम अंक प्राप्त किए है वे दस्तावेज सत्यापन के लिए पात्र नही है।